तापमान
अधिकतम 36 .3 डिग्री
न्यूनतम 22 .4 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

11 कर्मचारियों, खेत मजदूरों और किसानों की रोष सभा

12 सड़क की बदहाली से परेशान लोगों का फूटा ...



### जाट भवन में जाट सभा द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन समारोह में प्रशासनिक सेवा में चयनित समाज के अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

# कर्म को परमात्मा के चरणों में समर्पित करते हुए आगे बढ़ें युवा: शिक्षा मंत्री ढांडा

- भगवान ने हम सबको कर्म करने का माध्यम बनाया है और इसी भावना के अनुरूप हमें काम करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने प्रशासनिक सेवाओं में चयनित युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने कर्म को परमात्मा के चरणों में समर्पित करते हुए आगे बढ़े। शिक्षा मंत्री सोमवार को जाट भवन में जाट सभा द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन समारोह में बतौर मुख्यअतिथि प्रशासनिक सेवा में चयनित समाज के अभ्यर्थियों और अभिभावकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान ने हम सबको कर्म करने का माध्यम बनाया है और इसी भावना के अनुरूप हमें काम करना होगा। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि नव चयनित युवा अनुभवी लोगों से समझे व सीखें और जिस उद्देश्य के लिए सेवा में आए हैं उसे पूरा करें। उन्होंने कहा कि कर्म करते हुए अहंकार को दूर रखें और जनहित में अपना सहयोग देने का कार्य करें। मंत्री महिपाल ढांडा ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों में किसी दूसरों से प्रतिस्पर्धा की भावना न पनपने दें। प्रतिस्पर्धा जीवन के विकास में बाधा बन सकती है। उन्होंने अभिभावकों से अभी कहा कि अगर कोई बच्चा जाने अनजाने में गलतियां कर देता है तो उसे निरूत्साहित ना करें बल्कि उसके गलती के जख्मों पर मरहम लगाने का काम करें ताकि बच्चा प्रोत्साहित होते फिर से आगे बढने का काम कर सके। उन्होंने जाट भवन में लाइब्रेरी बनवाने की घोषणा की इसके अलावा पांच लाख की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की।



रोहतक। प्रशासनिक सेवा में चयनित समाज के अभ्यर्थियों को सम्मानित करते हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा । फोटो : हरिभूमि

### बच्चे ही सबसे बड़ी पूंजी व संसाधन

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमारे बच्चे ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी व संसाधन है। उन्होंने बच्चों को बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाने का आह्वान किया और कहा कि बच्चे जिस भी विषय पर फोकस करेंगे उसमें निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर लेंगे। हमें अपने बच्चों को औसत रखने की मानसिकता से दूर रहना होगा। उन्होंने कहा कि अगर बच्चे को बेहतर वातावरण मिले और वह किसी भी परीक्षा को पास करने का फोकस कर ले तो सफलता तय है।

### ऐसा कार्य करें हरियाणा की पहचान पूरी दुनिया में हो

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि नव चयनित युवाओं को राष्ट्र व समाज की सेवा का एजेंडा भी साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि नव चयनित युवाओं को जो जिम्मेदारी मिली है वे इस पर रहकर तीन-चार दशकों तक देश में समाज को अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा कार्य करें जिससे कि हरियाणा की पहचान पूरी दुनिया में हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों का कार्यक्रमों के चलते हर क्षेत्र में हरियाणा की अलग पहचान है।

### आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा ही सशक्त माध्यम

भाजपा के उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं के लिए चयनित युवाओं और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि जो पढ़ता है वह आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा ही सशक्त माध्यम है। सफलता का श्रेय बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावको को भी दिया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में यूपीएससी परीक्षा पास करने वाली स्वाति फौगाट, अंजू जून, सिमरन, सौरभ बधवार, गौरव सहारण, हिमांशु चहल, जितेंद्र कुमार, सचिन पंवार, एकांश ढल, अपूर्व कुमार, हिमांशु कादयान, विकास कुंडू, इंदुबाला धनखड़ व शुभम को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व 11 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया गया। पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, गुलाब धीमाना प्रधान जाट संस्था, प्रधान जाट सभा के प्रधान जयवीर ढुल, नांदल खाप के प्रधान ओमप्रकाश नांदल, पार्षद सुशील, नरेश काला, पूर्व आईएएस हरपाल मलिक, पूर्व आईपीएस कृष्ण लोहचब, डीडीपीओ राजपाल चहल, डॉ. नरेंद्र गहलावत सचिव जाट सभा, महेंद्र प्रताप गुलिया खंजाची जाट सभा, दीपक खत्री टीएम झज्जर रोडवेज मौजूद थे।

---

## खबर संक्षेप

### सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। उन छात्राओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो किसी कारणवश प्रथम एवं द्वितीय मेरिट सूची में प्रवेश नहीं ले सकी थीं। ऐसी सभी छात्राएं अब 9 जुलाई से आयोजित होने वाली फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर महाविद्यालय में प्रवेश ले सकती हैं एवं जिन छात्राओं ने अब तक ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन नहीं किया है, वे भी 10 जुलाई को महाविद्यालय में निशुल्क आवेदन कर सकती हैं तथा 11 से 17 जुलाई 2025 तक विलम्ब शुल्क भरकर प्रवेश ले सकती हैं। प्रवेश के समय छात्राओं को अपने साथ कुछ आवश्यक दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। इनमें 10वीं और 12वीं की मार्कशीट, मूल चरित्र प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) इत्यादि शामिल हैं।

### राजीव गांधी विद्युत भवन में बिजली अदालत आज

**रोहतक।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता बिजेंद्र नरवाल ने बताया कि निगम द्वारा 8 जुलाई को सुबह 11 से 1 बजे तक स्थानीय राजीव गांधी विद्युत भवन स्थित कार्यालय में रोहतक सर्कल की ओर से बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। सभी बिजली उपभोक्ता बिजली अदालत में पहुंचकर बिजली से संबंधित अपनी शिकायतों व समस्याओं का शीघ्र निपटारा करवाएं।

### सांपला में एमपीएचई एसोसिएशन का गठन

**रोहतक।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन (एमपीएचई) की जिला कार्यकारिणी की ओर से सोमवार को सांपला ब्लॉक में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुपरवाइजर संघ के जिला प्रधान वीरपाल ने की, जबकि एसोसिएशन के जिला प्रधान विनोद हुड्डा और जिला सचिव संदीप गोस्वामी भी मौजूद रहे। बैठक में सांपला ब्लॉक में एसोसिएशन को मजबूत करने और जिला स्तर से बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया।

### खेल महाकुंभ की सभी तैयारियां करें अधिकारी

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने 15 से 17 जुलाई तक रोहतक में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ की तैयारियों के संदर्भ में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खेल महाकुंभ के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। खेल महाकुंभ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के ठहरने व खाने-पीने के प्रबंधों के साथ-साथ महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाए।

---

### शनिवार को तीन महीने के लिए कूड़ा उठाने के लिए 2.45 करोड़ का टेंडर हुआ था

# सोमवार को भी नहीं निकली निगम की गाड़ियां, जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर

- ई-निविदा के माध्यम से पांच जोनों में तीन एजेंसियों को सौंपा गया है कूड़ा उठाने का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा कूड़ा उठान की व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से शहर को पांच जोनों में बांटकर नई व्यवस्था लागू की गई है। हर जोन में साफ-सफाई के लिए निजी एजेंसियों को नियुक्त किया गया है, जिन्हें तीन माह के लिए प्रति जोन 49 लाख रुपये का बजट भी दिया गया है। यानी कुल 2.45 करोड़ रुपये की लागत से सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने का दावा किया गया, लेकिन यह नई व्यवस्था पहले ही दिन चरमरा गई। रविवार को शहर से कूड़ा उठाने का कार्य एजेंसियों द्वारा शुरू किया जाना था, लेकिन धरातल पर यह एकदम उलट रही। शहर के प्रमुख स्थानों सुनारियां चौक, शांतमई चौक, रेडियो स्टेशन के बाहर और साइड एरिया में भारी मात्रा में कचरे के ढेर लगे हुए देखे गए। कई स्थानों पर तो कचरे की बदबू और गंदगी के कारण राहगीरों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। नगर निगम के अधिकारियों का दावा है कि एजेंसियों को काम सौंपा जा चुका है और प्रत्येक जोन में कार्य शुरू हो चुका है। लेकिन मौके पर जाकर देखने पर साफ जाहिर होता है कि या तो सफाई का काम शुरू ही नहीं हुआ, या फिर केवल कागजों में शुरू हुआ है। जो जगहें संवेदनशील और भीड़भाड़ वाली हैं, वहां भी गंदगी साफ नहीं की गई, जिससे बीमारी फैलने का खतरा मंडराने लगा है। नगर निगम को भी लगातार नागरिकों की ओर से इस बारे में शिकायतें मिल रही हैं।

### शांत मई चौक पर लगा कुड़े का ढेर



### लोग नगर निगम पर उठ रहे सवाल

नगर निगम ने जिस मकसद से नई व्यवस्था लागू की, उसमें ही खामियां नजर आ रही हैं। निगम को एजेंसियों पर सीधे निगरानी रखने के लिए एक पारदर्शी मैकेनिज्म तैयार करना चाहिए, जिसमें जन भागीदारी भी हो। अगर एजेंसियां अपने काम में लापरवाही करें तो उन पर जुर्माना लगाना चाहिए और आवश्यकता होने पर उनका अनुबंध समाप्त कर देना चाहिए।

### कौन से वार्ड किस जोन में

नगर निगम ने शहर के सभी 22 वार्डों को पांच जोनों में बांटा है ताकि सफाई का कार्य सुगम तरीके से किया जा सके। जोन-01 वार्ड नंबर 1 से 5, जोन-02 वार्ड नंबर 6 से 9, जोन-03 वार्ड नंबर 10 से 13, जोन-04 वार्ड नंबर 14 से 17, जोन-05 वार्ड नंबर 18 से 22 है, इन सभी जोनों की जिम्मेदारी निजी एजेंसियों को दी गई है और हर एजेंसी को 49 लाख रुपये तीन माह के सफाई कार्य के लिए दिए गए हैं।

### संक्रमण फैलने की आशंका

शहर में सफाई व्यवस्था की लचर स्थिति से लोग बेहद नाराज हैं। गंदगी के कारण वातावरण दूषित हो रहा है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। स्थानीय निवासी संजीव शर्मा ने कहा, हम सुबह उठते ही गंदगी का सामना करते हैं। न घर के बाहर सफाई है, न ही मुख्य सड़कों पर। ये एजेंसियां सिर्फ पैसे ले रही हैं, काम नहीं कर रहीं।

### किला रोड मार्केट




---

# प्रॉपर्टी बिल बांटने की आड़ में लगा उगाही का आरोप

### व्यापार मंडल प्रधान की कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की मांग

- गांधी कैंप मार्केट में खुलासा, कैमरे के सामने कबूला उगाही की बात

**रोहतक।** रोहतक व्यापार मंडल के प्रधान गुलशन निझावन ने नगर निगम रोहतक और हरियाणा सरकार से कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में प्रॉपर्टी टैक्स के बिल बांटने का जिम्मा जिस प्राइवेट कंपनी को सौंपा गया है, उसके कर्मचारी न केवल बिल वितरण कर रहे हैं बल्कि मौके पर दुकानदारों से जबरन उगाही भी कर रहे हैं।

यह पूरी प्रक्रिया सरकार और नगर निगम की छवि को धूमिल करने वाली है। गुलशन निझावन ने बताया कि सोमवार को गांधी कैंप मार्केट में जब उक्त कंपनी के कर्मचारी प्रॉपर्टी बिल बांटने आए, तो उन्होंने दुकानदारों को धमकाना शुरू कर दिया। कई मामलों में यह कहा गया कि दुकान का कुछ सामान घर पर रखा गया है, जिसे अवैध मानते हुए कर्मचारियों ने फोटो खींचने की धमकी दी और पैसे की मांग की। यह पूरी गतिविधि कैमरे में रिकॉर्ड हुई, जिसमें पैसे लेने की बात कर्मचारी द्वारा स्वीकार की गई। इस तरह की घटनाएं पूरी व्यवस्था को कलंकित करती हैं और आम व्यापारी का सरकार व प्रशासन पर से विश्वास उठता है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से मांग की कि इस कंपनी को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए और इसे ब्लैकलिस्ट किया जाए, ताकि भविष्य में किसी और क्षेत्र में इस प्रकार की धोखाधड़ी और जबरदस्ती दोबारा न हो।

# इस्माइला गोपी की हत्या कांड में दूसरा आरोपी काबू

### 3 जुलाई को वारदात, तीन दिन के रिमांड पर भेजा

**रोहतक।** पुलिस ने गांधरा रोड झाड़ियों के पास मिले ईस्माइला निवासी गोपी के शव की वारदात में शामिल दूसरे आरोपी शमशेर निवासी इस्माइला को गिरफ़्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके 3 दिन के रिमांड पर लिया है। उप पुलिस अधीक्षक सांपला रजनीश कुमार ने बताया कि 3 जुलाई को ईस्माइला निवासी अजय की शिकायत के आधार पर थाना सांपला में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि अजय का भाई गोपी 2 जुलाई को रात करीब ढाई बजे से घर से लापता है। अजय की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान सामने आया कि ईस्माइला निवासी युवकों ने गोपी की हत्या कर लाश को गांधरा रोड झाडियों के पास दबा गया है। 4 जुलाई को गोपी की लाश को बरामद किया गया। 5 जुलाई को गोपी के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

---


रोहतक। योग आसनों का अभ्यास करते पुलिस अधिकारी व जवान।

### योग से शरीर मजबूत और लचीला बनता है: प्रशिक्षक अमित

रोहतक। पुलिस लाइन में सोमवार को जवानों द्वारा योगाभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक अमित (आयुष विभाग) ने जवानों ने अलग-2 प्रकार के व्यायामों के अभ्यास कराया। योग की शुरुआत प्राणायाम से की गई। जवानों ने योग आसन का भी अभ्यास किया। योग से शरीर मजबूत और लचीला बनता है। जवानों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने, संतुलित भोजन खाने व उचित नींद लेने व स्वस्थ रहने के उपायो बारे भी विस्तार से बताया। शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्वास्थय का ध्यान रखे व रोजाना अपने लिए समय निकाल कसरत करने बारे सलाह दी। योग तनाव को कम करता है व बेहतर नींद देता है। स्वस्थ रहने के लिये नियमित रुप से व्यायाम व योगा करे। योग दिमाग को शांत रखता है। मन व मस्तिष्क को शांति मिलती है। योग करने से दिल व दिमाग की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। हमें नियमित रूप से योग व व्यायाम भी करना चाहिए। योग व व्यायाम से न केवल हमारा शरीर बल्कि दिमाग भी स्वस्थ रहता है। हमें योग को बढावा देना चाहिए।

---

**मौसम ने ली करवट** | इस सीजन में दो बार हुई है भारी बारिश

# दो साल बाद पुराने पैटर्न पर हुई बरसात समूचे जिले में एक साथ जमकर पानी गिरा

**4 घंटे में महम में सबसे ज्यादा 54 एमएम बारिश**

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

रविवार-सोमवार की रात समूचे जिले में एक साथ बरसात हुई। जिससे किसानों के चेहरे खिल गए। प्रशासन द्वारा सोमवार शाम पांच बजे जारी किए गए नियमित बुलेटिन में बताया गया है कि पिछले 24 घंटे में रोहतक खंड में 25, महम में 54, सांपला में 51, कलानौर में 22 और लाखनमाजरा में 35 एमएम बारिश हुई है। महम में रविवार शाम पांच बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक 49 और इसके बाद शाम पांच बजे तक 5 मिलीमीटर और पानी बरसा। इसी प्रकार महम खंड में रविवार शाम पांच बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक 20 और फिर सोमवार दिन में 15 एमएम बारिश और हुई। वर्ष 2022 और 2023 में वर्षा का पैटर्न कुछ बदला हुआ था। समूचे जिले में एक बार भी पूरे मानसून सीजन में एक साथ प्रचूर बरसात नहीं हुई थी। हालांकि सामान्य बारिश हुई थी। लेकिन रविवार-सोमवार की रात बरसात अपने पुराने पैटर्न पर लौटी। जिलों के सभी पांच खंडों में एक भी ऐसा नहीं था, जहां जमकर झमाझम न हुई हो। रविवार रात दस बजे के करीब दौर शुरू हुआ। सोमवार सुबह तीन बजे तक ये रुककर जारी रहा। सबसे ज्यादा महम में 54 मिलीमीटर और कलानौर में सबसे कम 22 दर्ज की गई।



### पैटर्न के बारे में जानें

कितनी बरसात कितने समय में होती है। ये बारिश का पैटर्न कहलाता है। करीब तीस साल पहले एक बार में ही लंबे-चौड़े एरिया में बारिश होती थी। लेकिन इसके बाद इसमें बदलाव आया। मानसून में भी कुछ एरिया में बारिश हो जाती है और कुछ में नहीं। खासकर प्री मॉनसून सीजन में बारिश में कमी आई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक देशभर में ही बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव हुआ है। हरियाणा में इस बार मई-जून में अच्छी बरसात हुई। जबकि पिछले साल नहीं हुई। बरसात होने का कारण था कि एक बाद एक राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होते रहे।

### ये बरसात का पैमाना

| | |
|---|---|
| हल्की | 0.1 -2.4 एमएम तक |
| हल्की | 2.5 -15.5 |
| मध्यम | 15.6 -64.4 |
| भारी | 64.5 -115.5 |
| बहुत भारी | 115.6 -204.4 |
| अत्यधिक भारी 204.5 मिलीमीटर से अधिक | |

### ये तथ्य भी जानें

जून 1936 में प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा 162.1 एमएम थी। जोकि सामान्य से 230.8% अधिक थी।, इसके बाद वर्ष 2001 और 2008 में क्रमशः 155.1 और 150.6 एमएम बरसात हुई थी। लेकिन वर्ष 1987 में तो 27 जुलाई को मानसून की पहली बरसात हुई थी। उस साल प्रदेश में भंयकर सूखा पड़ा था। वर्ष 2024 में 2अक्टूबर को मानसून ने प्रदेश से अलविदा कहा था।

### आने वाले दिनों में बरसात का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान

ध्यान रहे कि मानसून 2023 में रोहतक जिले में सामान्य से 34 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। साल 2023 की बजाय 2024 में सामान्य बरसात हुई। आने वाले दिनों में बरसात का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार की तरफ से जारी किया गया है। मालूम हो कि इस बार एक दो जुलाई को मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर लिया था। प्री मानसून की बरसात इस बार ठीक ठाक हुई है। ऐसे में किसानों की फिलहाल तक पौ बारह है। मानसून में जो भी पूर्वानुमान मौसम विभाग द्वारा जारी किए जाते हैं, वे मुश्किल से 60-65 प्रतिशत ही सही होते हैं। जबकि दूसरे मौसम में पश्चिमी विक्षोभ को लेकर जो फोरकास्ट किए जाते हैं, वे 85 फीसदी तक स्टीक होते हैं।

हरिभूमि सहेली



# जीवन को दिशा देती है बुजुर्गों की सलाह

जीवन में जब भी आप उलझनों में फंस जाएं, समस्याओं से घिर जाएं और समझ में ना आए कि क्या करें, तो ऐसे समय में अपने बड़े-बुजुर्गों के पास जाएं, उन्हें अपनी समस्याएं बताएं, वे बहुत अपनेपन से आपकी बात सुनेंगे, समस्याओं से निकलने का रास्ता बताएंगे। उनके जीवन अनुभव आपके लिए बहुत अनमोल साबित होंगे।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बड़ों का आशीर्वाद ही नहीं, उनकी सलाहें भी अनमोल होती हैं। छोटी हो या बड़ी, हर उलझन-समस्या में उनका मार्गदर्शन मददगार बनता है। सहज रूप से नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाता है। उनके अनुभव प्रैक्टिकली जिंदगी से मिलवाते हैं। आम-सी सलाह भी जीवन के लिए बहुत मूल्यवान होती है। बरसों जिंदगी से जूझकर जुटाए गए अनुभव और सुख-दुःख को जीते हुए सीखे अनगिनत सबक, नई जेनरेशन की जिंदगी को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## अनुभव से सबक

बुजुर्गों ने अपनी जिंदगी में हर तरह के हालात से जुड़े अनुभवों को जीया होता है। सरवाइवल के सूत्रों को खुद समझा होता है। सहज हो या चुनौतीपूर्ण, परिस्थितियां बहुत से सबक सिखाकर जाती हैं। ऐसे में संचित समझ और ज्ञान की पूंजी से भरी उनकी झोली नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सकती है। जीवन के हर पहलू पर उनसे मिली सलाह सही दिशा दिखा सकती है। रिश्तों और करियर से लेकर व्यक्तित्व विकास, सही फैसले लेने और खुद को थामने के मोर्चे पर बड़ों का दृष्टिकोण अहम होता है। जो हर जटिल परिस्थिति में जादू-सा बन मन को दिशा दे जाता है। ऐसे अनमोल सबक किताबों में नहीं मिलते। ना ही हर ओर छाई रील्स और वीडियोज जिंदगी के संघर्षों को जीकर जुटाए गए इस तजुर्बे की बराबरी कर सकते हैं।

## सहजता का भाव

'लेट गो, छोड़ो, जाने दो या भूल जाओ' यह सलाह बड़ों की बातों में अवश्य शामिल होती है। असल में जीवन भर की उलझनों में अपनी ऊर्जा और समय लगा चुके बुजुर्ग इस सच को समझ चुके होते हैं कि अपने आप के प्रति भी सहजता का भाव जरूरी है। मन दुखाने वाली बातों को पकड़कर बैठ जाना असल में खुद को ही दुख देता है। ऐसी चीजों को जाने देना ही सही है। इसीलिए बड़े हमेशा समझाते हैं कि तकलीफदेह बातों को मत पकड़ो। मन में पलता द्वेष या शिकायतें, आज ही नहीं आने वाले कल में भी खुद को ही चोट पहुंचाते हैं। समय और स्थिति बदल जाती है पर मन के कोने में दबा दुख, आक्रोश या दुर्भाव सदा के लिए ठिकाना बना लेता है। हमारे बड़े-बुजुर्ग उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचने के बाद याद करते हुए कहते ही हैं कि 'मुझे यह नहीं करना था' या 'किसी अपने से दूर नहीं होना था' पीछे छोड़े जीवन में जो बातें, निर्णय या शब्द उनके लिए आज अपराधबोध का कारण बन रही हों, वे उनसे बचने की समझ का पाठ जरूर पढ़ाते हैं। इसी के चलते हर हाल में सहज रहने की सलाह देना वे कभी नहीं भूलते।



### खुलकर जीने की सलाह

जिंदगी की आपा-धापी में जीना ही भूल जाने की गलती करने वाले युवाओं को बुजुर्ग खुलकर जीने की सलाह भी देते हैं। अच्छा-बुरा वक्त जीवन भर दस्तक देता रहता है। लोग मिलते-बिछुड़ते हैं। जिम्मेदारियां भी निभानी ही होती हैं। ऐसे में सारा वक्त फिक्र करने में नहीं लगाया जा सकता है। डरकर जिंदगी को नहीं जिया जा सकता। हमारे बड़ों ने बहुत से हालातों से गुजरने के बाद यही समझा होता है कि बात-बात में भयभीत होने का कोई अर्थ नहीं। जीवन की अपनी गति है। उसके साथ सहजता से चलते रहना ही सही तरीका है। यही कारण है कि हमारे बुजुर्ग सामाजिक-पारिवारिक माहौल से जुड़ने की सलाह भी देते हैं। भारतीय समाज में तो घर बसाने के मामले में बुजुर्गों की सलाह आज भी सबसे अहम मानी जाती है। बड़े भी अपने अनुभवों से सावधानी के साथ अपना जीवन साथी चुनने की ना केवल सलाह देते हैं बल्कि चुनाव में मदद भी करते हैं। जिसके साथ जीवन बिताना हो, उसके बारे में व्यावहारिक धरातल पर सब कुछ जानने-समझने की समझाइश देते हैं। सोशल-फैमिली फ्रंट पर आज के बदलते दौर में बड़ों की एडवाइस बहुत कारगर साबित होती है।



## स्वास्थ्य सहेजने का सुझाव

अपने शरीर की देखभाल करने का सुझाव बड़े-बुजुर्ग बहुत गंभीरता से देते हैं। सेहत सहेजने के लिए समय रहते सजग होने का पाठ पढ़ाते हैं। अपने स्वास्थ्य की संभाल को लेकर की गई अनदेखी या किसी गलती का उदाहरण भी देते रहते हैं। वे नहीं चाहते कि नई पीढ़ी बीमारी के बारे में देर से जानने या सही समय पर अवेयर न होने की गलती करे। इसीलिए एक्टिव रहने, बुरी आदतों से बचने और नियमित जांच करवाने की सलाह बड़े-बुजुर्ग देते हैं। छोटी सी गलती का खामियाजा कितना बड़ा हो सकता है, वे देख चुके होते हैं। इसीलिए नई पीढ़ी को अपने स्वास्थ्य से जुड़ी परंपरागत चीजों की जानकारी भी देते रहते हैं। हम यह बात जोर देकर कहेंगे कि समय निकालकर अपने बुजुर्गों के पास बैठें। उनकी बातें सुनना जीवन के एक भरे-पूरे खजाने को खंगालने जैसा है। इसी खजाने से आपको जीवन जीने का सलीका सिखाने वाली सलाहों के अनमोल मोती मिलेंगे। ❀

हर इंसान अपने करियर में कामयाब होना चाहता है। वह इसके लिए प्रयास भी करता है, लेकिन बाधाएं भी आती हैं। इन बाधाओं से कभी हताश-निराश ना हों। हम आपको बता रहे हैं, बाधा को दूर करने के लिए आप कौन से कारगर उपाय अपनाएं।

# ऐसे दूर करें बाधाएं सफलताएं चूमेंगी कदम

सक्सेस फंडा
शिखर चंद जैन



कई बार आप जब कुछ करने वाली होती हैं तो आपका मन विचलित हो जाता है, काम से ध्यान हट जाता है, काम आगे नहीं बढ़ पाता। आपकी मानसिक स्थिति आपको आगे नहीं बढ़ने देती। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो ध्यान दीजिए और कुछ सामान्य उपाय अपनाइए ताकि बाधाएं दूर हों। आपका काम सुचारु रूप से आगे बढ़े। आप सफलता अर्जित करें।

**जब काम में ना लगे मन:** कई बार जब हम कोई काम शुरू करते हैं तो हमारा मन नहीं लगता, ऊब-सी होती है या मन इधर-उधर भटकता है। ऐसी स्थिति में आप सबसे पहले वह काम शुरू करें, जिसमें आपकी रुचि ज्यादा हो। इस काम को पूरा होने का दृढ़ संकल्प लें। इससे आपके मन में एक नई ऊर्जा जागृत होगी।

**आत्मानुशासन है जरूरी:** जीवन में बाधाएं आपको पग-पग पर मिलेंगी। आप उन पर नियंत्रण नहीं कर सकतीं, लेकिन अपनी प्रतिक्रिया और अपने मन पर अवश्य नियंत्रण रख सकती हैं। लाइफ में सेल्फ डिसीप्लीन भी जरूरी है। आपकी इच्छा शक्ति इतनी प्रबल होनी चाहिए कि अगर कुछ करने की योजना बना ली है तो उसे किसी भी कीमत पर टालना नहीं है।




**योजना और लक्ष्य के साथ बढ़ें:** बिना योजना बनाए और बिना किसी लक्ष्य के आगे बढ़ना ऐसा ही है, जैसे ट्रेन में बैठ गए लेकिन पता नहीं है कि पहुंचना कहां है? जाहिर है, आपको अपने टारगेट का पता नहीं होगा तो आपका ध्यान इधर-उधर भटकेगा ही। वहीं जब आप योजना और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगी तो आपको अपने एक-एक कदम की जानकारी रहेगी कि आप क्या कर रही हैं और आगे क्या करना है? ऐसे में आपका ध्यान पूरी तरह अपने काम पर केंद्रित रहेगा। अगर बाधाएं आती भी हैं तो आप उन्हें पार करती चली जाएंगी।

**लोगों से लें सलाह:** समस्याएं और बाधाओं के आने पर कभी घबराएं नहीं, संयत रहें। अपने आस-पास मौजूद अनुभवी लोगों, इष्ट मित्रों या परिजनों की सलाह और मदद लें। उन्हें अपनी स्थिति और समस्याओं के बारे में बताएं और उन्हें सुलझाने का उपाय पूछें। कई बार जब आप विभिन्न लोगों से राय लेती हैं तो उनकी राय भले पसंद ना आए, लेकिन उनके आधार पर आपके दिमाग में कोई नया आइडिया आ सकता है।

**नए तरीके आजमाएं:** कई बार जब हम लगातार अड़चनों से घिरने लगते हैं, अपने काम से संतुष्ट नहीं होते तो एंजायटी और सेल्फ डाउट हम पर हावी हो जाता है। ऐसी स्थिति में हम अंतर्मुखी होने लगते हैं। छोटी-छोटी बाधाएं भी हमें बड़ी लगने लगती हैं। नतीजतन हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से डरने लगते हैं। ऐसे में हमें जीने और काम करने के नए तरीके आजमाने चाहिए।

**व्यवधान वाले लोगों से दूरी:** हम सबके जीवन में कुछ लोग ऐसे आ जाते हैं, जो व्यवधान, कलह और अशांति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों को शीघ्र पहचान लें। अनसपोर्टिव और हमेशा डिस्टर्ब करने वाली रिलेशनशिप से जल्द से जल्द दूरी बना लें। यदि ऐसे लोग काफी नजदीकी रिश्तेदार हैं तो उनके साथ बहुत औपचारिक संबंध रखें।

**विश्वास रखें:** हम लक्ष्य तय करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो कई प्रकार के व्यवधान आते ही हैं। किसी कारणवश ठिठकना या रुकना पड़ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई कहते हैं, 'बाधाएं लक्ष्य प्राप्ति की प्रक्रिया का नैसर्गिक हिस्सा हैं। कई बार हमें अपने कामों के लिए दूसरों पर भी निर्भर होना पड़ता है। ऐसे में आपको उन पर भरोसा रखना होता है। साथ ही खुद पर भी भरोसा रखें।' अपनी बेहतरीन कोशिश करते समय याद रखें कि दुनिया आपके प्रदर्शन, कार्य-कौशल और जुनून को देख रही है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, आपकी कामयाबी की राहें खुलती जाएंगी। ❀

परवरिश
दीपिका शर्मा

पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के जन्म होने पर दोनों नन्हे बच्चों का लालन-पालन मां के लिए आसान नहीं होता है। पहला बच्चा दूसरे के जन्म के बाद अपने आपको इग्नोर ना समझे, दोनों की परवरिश सही ढंग से हो, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

# सेकेंड बेबी के आने पर बड़े को ना करें इग्नोर



अकसर यह देखा जाता है, सेकेंड बेबी के आने पर पैरेंट्स अपने बड़े बच्चे की परवरिश में लापरवाही बरतने लगते हैं, वे पूरा ध्यान सेकेंड बेबी पर लगा लेते हैं। समय से पहले ही बड़े बच्चे को बड़ा होने का एहसास दिलाने लगते है, इस कारण बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है, इसलिए जरूरी है कि बच्चे की सही परवरिश पर ध्यान दें। अगर आप दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहे हैं तो भी या आप दो बच्चों के पैरेंट्स हैं तो भी ऐसी गलतियां करने से बचें ताकि पहले बच्चे के मन में अपने सिबलिंग के लिए ईर्ष्या की भावना ना पैदा हो, अपने माता-पिता के प्रति उसके मन में नकारात्मक भाव जन्म ना लें।

**बड़ा होने का ना दें दबाव:** अधिकतर पैरेंट्स में मां ही बच्चों के साथ अधिक समय बिताती है। ऐसे में पहले बच्चे को बात-बात पर यह दबाव ना डालें कि वह छोटे बेबी के आने से बड़ा हो गया है, क्योंकि इससे बच्चे अपने आने वाले छोटे भाई-बहन के सामने खुद को इग्नोर-इंसिक्योर समझने लगते हैं।

**डालें शेयरिंग-केयरिंग की आदत:** सेकेंड प्रेग्नेंसी की शुरुआत से ही बड़े बच्चे में धीरे-धीरे शेयरिंग और केयरिंग की आदत डेवलप करना शुरू कर दें, क्योंकि अगर दूसरे बच्चे के आने के बाद पहले बच्चे की चीजें आप साझा करेंगी तो बच्चे के मन में यह बात आएगी कि वह अपने मम्मी-पापा के लिए इंपॉर्टेंस नहीं रखता, नया बेबी अब ज्यादा प्यारा है, ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इससे बच्चे में हीन भावना उत्पन्न होने लगेगी।

**बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं:** माना कि घर में छोटा बच्चा है तो मां को बहुत से काम होते हैं, इस कारण वह बड़े बच्चे पर पूरा ध्यान नहीं दे पाती, लेकिन आपकी यह गलती बच्चे के मन में घर कर सकती है। उसके मन में हमेशा यही भाव रहता है कि मुझे कोई प्यार नहीं करता। वह घरवालों से कटने लगता है। उसे मूड स्विंग की भी परेशानी होने लगती है, इसलिए जरूरी है कि बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं, उसके साथ हंसी-मजाक करें, उसके साथ थोड़ा खेलें, उसे सोने के समय कोई छोटी-सी कहानी सुनाएं और जागते समय दुलार करें। उसे एहसास दिलाएं कि आप उसको भी बहुत प्यार करती हैं।



**छोटे की गलती पर बड़े को ना डांटें:** कई बार मांएं, छोटे बच्चे के साथ खेलने या उसका ध्यान रखने की जिम्मेदारी बड़े को दे देती हैं और अगर उससे कोई भूल हो जाती है तो उसे डांटने लगती हैं। ऐसा करने से बड़ा बच्चा भावनात्मक रूप से बिल्कुल अकेला महसूस करता है। इसलिए कोई गलती करने पर भी बड़े बच्चे को डांटने या झिड़कने के बजाय जहां तक हो सके उसे प्यार से ही समझाएं।

**बड़े बच्चे के जन्म के समय की यादें बताएं:** जिस तरह आप अपने छोटे बेबी की केयर से जुड़े ढेरों काम करती हैं, इसी तरह आप बड़े बच्चे के भी काम उसके जन्म के समय करती थीं, इन बातों को उसे बताएं। उसकी शैतानियां या कैसे वो खाता था, इस तरह की छोटी-छोटी बातें उसके साथ साझा करें। इससे वो समझ पाएगा कि उसके छोटे भाई या बहन के लिए भी मां की केयर बहुत जरूरी है।

**बड़े बच्चे को प्रोत्साहित करें:** बच्चा अगर आपसे अपनी कोई बात कहना चाहता है तो उसकी सुनें या उसने कोई अच्छा काम किया है तो तारीफ कर प्रोत्साहित करें। ❀

मेकअप
सरिता गुप्ता

# बारिश के दिनों में ऐसा हो मेकअप

बारिश के दिनों में उमस और चिपचिपाहट के कारण मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप इन दिनों वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। ये मेकअप प्रोडक्ट्स आपके मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग रखते हैं। इसके साथ ही हम आपको यहां कुछ ऐसे मेकअप टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बारिश के मौसम में भी खूबसूरत और फ्रेश नजर आएंगी।

**प्राइमर-फाउंडेशन:** इस मौसम में एक स्मूद मेकअप बेस बनाने और एक्सेस ऑयल को मैनेज करने में मदद करने के लिए मेकअप से पहले मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं। यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही वाटरप्रूफ फाउंडेशन का यूज करें, जो आपकी स्किन पर पसीना नहीं आने देगा। ऐसा करने से आपकी स्किन ग्लो करेगी और आपको फ्रेश लुक मिलेगा।



**सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक:** बरसात के मौसम में आप सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं। इससे आपके होंठ रूखे नहीं लगेंगे। इसके अलावा आप अपनी पसंद के शेड में स्मज-प्रूफ और लंबे समय तक टिकने वाला लिप लाइनर चुनें। फिर होंठों पर टिंट या टिंटेड लिप बाम लगाएं ताकि होंठ मॉश्चराइज रहे और लिप मेकअप पानी में बहे नहीं।

**आई मेकअप प्रोडक्ट्स:** इस मौसम में हमेशा आई मेकअप के लिए वाटरप्रूफ प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। सबसे पहले इसकी शुरुआत वाटरप्रूफ मस्कारा से करें, जिसे लगाने के बाद बारिश में भीगने पर भी आपकी आंखों की खूबसूरती बिल्कुल कम नहीं होगी। साथ ही आप काजल या आई लाइनर भी वाटरप्रूफ ही लगाएं।

**सेटिंग पावडर:** बारिश के मौसम में, मेकअप से पहले और बाद में चेहरा ऑयली नजर आने लगता है। लेकिन जब आप सेटिंग पावडर से उसे सेट कर देती हैं तो मेकअप एकदम मैट लुक देता है और फ्लॉलेस नजर आता है। यह मेकअप को इस मौसम में मेल्ट होने से बचाता है, इसलिए सेटिंग पावडर को अपनी मेकअप किट में जरूर शामिल करें।



**सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल:** मेकअप करने के सबसे बाद में मेकअप को लॉक करने के लिए सेटिंग स्प्रे अप्लाई करें। ये प्रोडक्ट ऐसा होना चाहिए, जो मैट-फिनिश लुक प्रदान करता हो और लंबे समय तक चलने वाला फार्मूला डिजाइन किया गया हो। इससे आपके मेकअप को नमी झेलने में मदद मिलेगी और आप लंबे समय तक फ्रेश नजर आएंगी। ❀

**(मेकअप एक्सपर्ट रक्षा गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

डाइट
राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के मौसम में अनेक संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए अपनी डाइट को लेकर एलर्ट रहना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे फल, सब्जियों के बारे में, जिन्हें इस दौरान खाने से बचना चाहिए।

# रेनी सीजन में इन्हें ना करें अपनी डाइट में शामिल









बारिश के दिनों में ज्यादातर लोग खान-पान में लापरवाही बरतने के कारण ही बीमार पड़ते हैं। यही वजह है कि इन दिनों डॉक्टर भी खाने-पीने में परहेज बरतने की सलाह देते हैं। इन दिनों विटामिन और मिनरल से भरपूर सब्जियां भी खराब मौसम के कारण हमारे लिए नुकसानदेह साबित होने लगती हैं, क्योंकि कई ऐसी सब्जियां होती हैं, जिनमें बैक्टीरिया बहुत तेज गति से बढ़ने लगते हैं और अगर हम उनका सेवन कर लेते हैं, तो वे हमारे लिए पाचन और पेट संबंधी समस्याओं का कारण बन जाती हैं। विभिन्न हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हम आपको बता रहे हैं कि इस मौसम में कौन से ऐसे फल और सब्जियां हैं, जो जल्दी खराब होती हैं इसलिए इन्हें खाने से परहेज करना चाहिए।

**हरी सब्जियां:** बारिश के दिनों में पालक, मेथी, विभिन्न तरह के साग, धनिया, पुदीना, सलाद पत्ता जैसी हरी सब्जियों में ज्यादा नमी होने से बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं और पाचन संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से कई सब्जियों में तो बारिश के दिनों में कीड़े भी पैदा हो जाते हैं। खेतों में पानी भरने के कारण इनमें गंदगी लग जाती है और इन्हें हम कितना भी साफ कर लें, इनमें बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं। इसलिए बारिश के दिनों में हरी सब्जियां खाने से खास परहेज बरतना चाहिए।

**अंकुरित अनाज:** जैसा हम जानते हैं, किसी भी तरह के अनाज को अंकुरित करने के लिए पहले उसे 8-10 घंटे भिगोया जाता है और फिर उसके बाद उसे अंकुरित करने के लिए रखा जाता है। इस सारी प्रक्रिया में लंबे समय तक पानी या नमी के संपर्क में रहने के कारण और वातावरण में नमी होने के कारण अंकुरित अनाज जल्दी सड़ने लगते हैं। इनमें फंगस लगने का खतरा बढ़ जाता है। इनको अगर कच्चा खाया जाता है तो इनसे इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए इस मौसम में अंकुरित अनाज थोड़ा पकाकर खाएं।

**मशरूम:** बारिश के मौसम में मशरूम खाने से परहेज करना चाहिए। मशरूम को नमी वाले वातावरण में उगाया जाता है। इसमें पहले ही बैक्टीरिया होते हैं। नमी के कारण यह जल्दी खराब होने लगते हैं। इन्हें खाने पर डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में लगातार दही और छाछ का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया जल्दी पनपते हैं। आयुर्वेद में तो दही को बरसात के मौसम में खाने की मनाही होती है। क्योंकि यह पाचन संबंधी समस्या पैदा कर सकते हैं।

**सलाद:** सलाद में इस्तेमाल होने वाले खीरे, गाजर, मूली, चुकंदर जैसी कच्ची चीजों में कीड़े होने की आशंका रहती है। भले ही यह दिखने में खराब न लगें, लेकिन अंदर से खराब होने के कारण इन्हें खाने से इंफेक्शन का खतरा रहता है।

**सीफूड-मछली:** मानसून के दौरान मछली या प्रॉन खाने से बचना चाहिए, क्योंकि यह समय उनके प्रजनन का होता है और इससे फूड पॉइजनिंग होने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में नदियों और झीलों में पानी प्रदूषित होने से मछलियों के शरीर के ऊपर गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे में इन मछलियों का सेवन करने से सेहत को भी नुकसान हो सकता है। ❀

## खबर संक्षेप



महम। मासिक हवन में आहुति डालते आर्य स्कूल मदीना के विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### आर्य स्कूल में छात्रो और शिक्षकों ने किया यज्ञ

**महमः** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हवन यज्ञ में भाग लिया। आचार्य करतार शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन करवाया। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विश्व शांति की मंगलकामना की। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों ने भी यज्ञ में आहुति डाली। प्राचार्य अशोक दांगी ने बताया कि उनके विद्यालय में हर महीने हवन करवाया जाता है। क्योंकि आज के समय में विश्व शांति की आवश्यकता अधिक है। हवन के माध्यम से हम विश्व शांति की कामना कर सकते हैं। यह एक छोटा सा प्रयास है जो हमें विश्व शांति की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध और पवित्र बनाने के लिए काम करना चाहिए।

### अंजू निर्विरोध नपा बेरी उपप्रधान निर्वाचित

**बेरी।** स्थानीय नगरपालिका कार्यालय परिसर में सोमवार को उपप्रधान पद के लिए चुनाव को लेकर पार्षदों की विशेष बैठक बुलाई गई। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि बैठक में सभी 14 पार्षदों ने भाग लिया। इस दौरान उपप्रधान पद के चुंनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया की गई। जिसमें केवल वार्ड 14 से पार्षद अंजू ने नामांकन दाखिल किया। निर्धारित समयावधि के दौरान कोई अन्य नामांकन दाखिल ना होने के कारण पार्षद अंजू को उपप्रधान पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि बताया कि बेरी नगरपालिका में प्रधान और पार्षद पद के लिए चुनाव पहले ही कराया जा चुका है।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने अवैध हथियार सहित एक नाबालिग लड़के को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई और उसे आसौदा थाना क्षेत्र से काबू किया गया। तलाशी के दौरान उससे एक अवैध हथियार व कारतूस बरामद हुआ। उसके खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है।

### दो लोगों ने फंदा लगाया जांच में जुटी पुलिस

**बहादुरगढ़।** इलाके के दो गांवों में फांसी लगाने से मौत के मामले सामने आए हैं। गांव खेड़ी जसोर और सांखोल में ये घटना हुई हैं। पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है।पहली घटना गांव खेड़ी जसोर की है। यहां रविवार की रात को करीब 40 वर्षीय कृष्ण फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजनों ने देखा तो संभाला और अस्पताल ले गए। जहां मौत की पुष्टि कर दी गई। सूचना पाकर आसौदा पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। कृष्ण किन परिस्थितियों में फंदे पर लटका, ये अभी तफ्तीश का विषय है। उधर, दूसरी तरफ गांव सांखोल के लक्ष्मी नगर में एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला।

## मजदूर, कर्मचारी और किसान वर्ग से हड़ताल में भाग लेने का आह्वान

# कर्मचारियों, खेत मजदूरों और किसानों की रोष सभा महम में चौबीसी चबूतरे पर कल

बीजेपी सरकार लगातार मजदूर, कर्मचारी व किसान विरोधी फैसले लेकर जनता में असंतोष पैदा कर रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम। सीटू नेता महम में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



महम। महम क्षेत्र के एक गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते सीटू नेता।

सीटू नेता गांव गांव जाकर लोगों से 9 जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल में भाग लेने की अपील कर रहे हैं। 9 जुलाई को महम और लाखनमाजरा के हड़ताली मजदूर, कर्मचारी, खेत मजदूर और किसान चौबीसी के चबूतरे पर में रोष सभा का आयोजन कर महम शहर में जुलूस निकालेंगे। सीटू नेताओं ने गांव बहलबा, सैमाण, निंदाना, फरमाना, बैंसी, खरैंटी में मजदूरों की बैठकों का आयोजन किया। महम में कर्मचारियों के साथ मीटिंग की। बैठकों को सीटू के प्रांतीय उपाध्यक्ष सतबीर सिंह,जिला उप प्रधान रामभगत, सहसचिव प्रकाशचंद्र, खेत मजदूर यूनियन के नेता रामचंद्र बैंसी ने सम्बोधित किया। सीटू नेताओं ने कहा कि बीजेपी सरकार लगातार मजदूर, कर्मचारी व किसान विरोधी फैसले लेकर जनता में असंतोष पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी गांव में मनरेगा का काम शुरु किया जाए और दिन व दिहाड़ी बढाई जाए, निर्माण मजदूरों की सुविधाओं पर लगाईं जाने वाली अनाप-शनाप शर्तो पर रोक लगाकर रोके गए लाभ जारी किए जाए। राशन डिपो में मिलने वाली सरसो तेल के रेट की बढ़ोतरी को वापिस लिया जाए। कहा कि भाजपा ने 5 साल पहले कारपोरेट-पूंजीपतियों के हित में मजदूर विरोधी चार लेबर कोड पारित किए थे, जिन्हे अब लागू करने जा रही है। इस हड़ताल में निर्माण मजदूर, खेत मजदूर, स्कीम वर्कर्स, सफाई कर्मचारी, अलग-अलग विभागों में काम करने वाले कच्चे-पक्के कर्मचारी, किसान, खेत मजदूर सभी हिस्सेदारी करेंगे। 9 जुलाई को महम और लाखनमाजरा के हड़ताली मजदूर, कर्मचारी, खेत मजदूर और किसान चौबीसी के चबूतरे पर में रोष सभा का आयोजन कर शहर में जुलूस निकालेंगे। नुक्कड़ सभाओं व बैठकों में भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला प्रधान सतपाल और सत्यनारायण, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला फूलवती, ग्रामीण सफाई कर्मचारी के जिला प्रधान दलेर, मनरेगा मेट एवं मजदूर यूनियन हरियाणा के राजेश ने भी अपने विचार रखे।

### सहसचिव प्रकाशचंद्र ने लगाया यह आरोप

सहसचिव प्रकाशचंद्र ने कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार ने दो दिन पहले ही अध्यादेश जारी कर काम के घंटे में बढ़ोतरी करके इन लेबर कोडों को तेजी से लागू करने का प्रयास शुरू करना ताजा उदाहरण है। इन कानूनों के पास होने के बाद देश के कुल फैक्ट्री मजदूरों का 74 प्रतिशत न्यूनतम श्रम अधिकारों से बाहर हो गया है। देश के 70 प्रतिशत उद्यागों में मालिकों को ये अधिकार मिल जाएगा कि वें कभी भी मजदूरों को फैक्ट्री से बाहर का रास्ता दिखा सकते हैं। लेबर कोड से हायर एंड फायर यानी काम लो और बाहर करो वाली पौलिसी है। इसमें ना न्यूनतम वेतन है, न काम की समय सीमा तय है और न ही पक्का रोजगार का प्रबंध। केंद्र सरकार लगातार जन विरोधी एवं कोरपोरेट परस्त नीतियाँ लागू कर रही है।

### उप प्रधान रामभगत ने लगाया यह आरोप

उप प्रधान रामभगत ने बताया कि कोरपोरेट परस्त एजेंडे को लागू करने के लिए केंद्र सरकार जात-धर्म की नकली लड़ाई जनता में करवा रही है ताकि जनता एकजुट न हो। बीजेपी सरकार धीरे-धीरे लेबर कोड को लागू कर रही है। जिनके उद्दाहरण है अग्निवीर, कौशल रोजगार निगम। लेबर कोड से सरकार काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 कर रही है और पक्के रोजगार को खत्म किया जा रहा। इन हालात में 9 जुलाई की राष्ट्रीय हड़ताल ऐतिहासिक होगी। जो केन्द्र व राज्य सरकार के लिए कफन की कील का काम करेगी और मजदूरों व कर्मचारियों को ताकत मिलेगी।



रोहतक। श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते शासन साध्वी सुमन। फोटो : हरिभूमि

## तेरापंथ भवन से शासन साध्वी सुमन ने प्रवाहित की ज्ञान गंगा की अमृतधारा

- धर्मसभा में साध्वी ने समय प्रबंधन की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ की तपस्विनी शासन साध्वी सुमन ने तेरापंथ भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्रद्धालुओं पर ज्ञानगंगा की अमृतधारा प्रवाहित की। उन्होंने कहा कि साधु जीवन में पांच महाव्रत होते हैं, वहीं गृहस्थ श्रावक के बारह व्रतों में पांच अणुव्रत होते हैं। इन व्रतों में अंतर मात्रा और सीमा का होता है, लेकिन मूल भावना एक ही होती है—आत्मिक शुद्धि और नैतिक उत्थान। साध्वी ने विशेष रूप से मृषावाद विरमण यानी असत्य वचन से बचने पर जोर देते हुए कहा कि यह व्रत जीवन में ईमानदारी की नींव रखता है। अठारह पापों में भी दूसरा पाप मृषावाद ही होता है, जो अविश्वास का कारण बनता है। एक गृहस्थ अगर अपने जीवन से असत्य भाषण को हटा दे तो यह उसके ईमानदार जीवन की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने 'त्रिआयामी ईमानदारी' की संकल्पना भी साझा की, जिसमें माया वर्जन (छल-कपट से बचाव), मृषा वर्जन (झूठ से बचाव) और चौर्य वर्जन (चोरी से बचाव) को शामिल किया गया। यदि व्यक्ति अपने जीवन में लोभ, क्रोध और मोह को नियंत्रित करे, तो वह सहज ही सच्चाई की ओर अग्रसर हो सकता है। धर्मसभा में साध्वी ने समय प्रबंधन की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। यदि व्यक्ति सही ढंग से समय का उपयोग करे तो आत्मचिंतन, स्वाध्याय और साधना के लिए पर्याप्त अवसर मिल सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने चार माह तक चलने वाली इस चातुर्मास साधना में नियमित रूप से भाग लेने का संकल्प लिया। इन व्रतों में अंतर मात्रा और सीमा का होता है, लेकिन मूल भावना एक ही होती है—आत्मिक शुद्धि और नैतिक उत्थानतेरापंथ भवन साधना, साधुता और संयम की प्रेरणा भूमि बन गया है, जहां श्रद्धालु आत्मिक उन्नयन की डुबकी लगाने को तत्पर हैं।

## राजयोग मेडिटेशन से व्यक्ति अपने अंदर की शक्ति को जागृत कर सकता है: बीके चेतना

- ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक महम में मानसिक स्वास्थ्य एवं राजयोग मेडिटेशन विषय पर कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम। ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक महम में आयोजित राजयोग मेडिटेशन कैंप में ध्यान का अभ्यास करवाती बीके चेतना व बीके सुमन और मेडिटेशन शिविर में भाग लेते पूर्व सैनिक व उनके परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा द्वारा महम के ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में सोमवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं राजयोग मेडिटेशन विषय पर एक कैंप आयोजित किया गया। यह शिविर भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) और ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के सुरक्षा सेवा प्रभाग के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आयोजित किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में, ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय शांतिवन में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस एमओयू का उद्देश्य देश के पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करना है। बीके सुमन ने बताया कि यह सहयोग सैनिकों को न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक संतुलन एवं आत्मबल में भी सहायक सिद्ध होगा। इसके पश्चात, बीके चेतना बहन ने मानसिक स्वास्थ्य एवं संपूर्ण कल्याण विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

### इस मौके पर ये रहे मौजूद

सुमन ने मानसिक स्वास्थ्य की परिभाषा देते हुए बताया कि स्वः (आत्मा) में स्थित रहना ही मानसिक स्वास्थ्य का मूल आधार है। उन्होंने बताया कि राजयोग मेडिटेशन द्वारा व्यक्ति अपने अंदर की शक्ति को जागृत कर सकता है और तनावमुक्त जीवन जी सकता है। बीके चेतना ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को राजयोग ध्यान का अभ्यास भी कराया, जिसमें सभी ने गहरी शांति का अनुभव किया। इसके साथ ही, कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक बी.के. कपूर ने अपने व्यक्तिगत जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजयोग मेडिटेशन ने उनके जीवन में शांति, स्पष्टता और आंतरिक शक्ति को बढ़ाया। उनके अनुभवों ने सभी प्रतिभागियों को आत्ममंथन और आत्मिक जागरूकता की प्रेरणा दी। इस मौके पर पॉलीक्लिनिक महम के ऑफिसर इंचार्ज कर्नल यजुवेन्द्र सिंह व डॉ. गौरव अरोड़ा समेत कई पूर्व सैनिक और पूर्व सैनिक परिवारों के लोग मौजूद थे।

## आरपीएस के ईशान और अंशुल ने बैचलर ऑफ मैथमेटिक्स परीक्षा में पाई दूसरी व तीसरी रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। ईशान व अंशुल को सम्मानित करते हुए।

- अब ईशान व अंशूल की नि:शुल्क होगी रिसर्च, पांच हजार रुपए प्रतिमाह मिलेगा स्टाइपेंड
- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता ने प्रवेश परीक्षा की आयोजित

आरपीएस महेंद्रगढ़ के दो विद्यार्थी ईशान व अंशुल ने इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता द्वारा आयोजित बैचलर आफ मैथमेटिक्स प्रवेश परीक्षा में अपनी केटैगरी में आल इंडिया लेवल पर दूसरी व तीसरी रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों चयनित विद्यार्थी इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता में निःशुल्क रिसर्च करेंगे। साथ में इन दोनों विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन लेवल पर पांच हजार रुपये और पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल पर आठ हजार रुपये प्रति माह स्टाइफंड मिलेगा। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस आज अभिभावकों के विश्वास के पर बच्चों के सपनों को साकार करने का उचित मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करें, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।

ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि आरपीएस की शौधपूर्ण शिक्षा के बल पर आज हर क्षेत्र में आरपीएस के बच्चे अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ही विद्यालय से दो बच्चों का राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में अच्छी रैंक हासिल करना विद्यालय व क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस के विद्यार्थी आज जिला व प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।



## कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को अवार्ड मिलने पर कपिल सहगल ने दी बधाई

**रोहतक।** नेता व अभिनेता कपिल सहगल ने सोमवार को पंडित भगवत दयाल स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को नई दिल्ली में आयोजित एक वार्षिक कांफ्रेंस में लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजाने पर उनको बुके भेट करके बधाई दी। कपिल सहगल ने कहा कि मृदुल स्वभाव व मरीजों की सेवा के लिए डॉ. एच के अग्रवाल कभी भी दिन रात की परवाह नहीं करते है।

## सोमानी कंपनी में करंट से कर्मचारी की मौत

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-16, 17 में स्थित एक कंपनी में करंट लगने से जूनियर मैनेजर की मौत हो गई। इस हादसे के लिए परिजनों ने कंपनी प्रबंधन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान जयवीर के रूप में हुई है। जयवीर झज्जर जिले के गांव गोच्छी से थे। फिलहाल परिवार सहित रोहतक रह रहे थे। यहां सोमानी कंपनी में जूनियर मैनेजर थे। रविवार की दोपहर को उन्हें करंट लगा। जयवीर की मौत से उसके परिजन आहत हैं और इसके लिए कंपनी प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। राहुल ने कहा है कि उन्हें रविवार की दोपहर को सूचना मिली कि कंपनी में पिताजी को करंट लगा है।

## यशवीर सिंह भैणी बने चंद्रपाल गांव के कार्यकारी सरपंच

- खंड कार्यालय में गुप्त मतदान प्रक्रिया के तहत करवाया गया चुनाव
- यशवीर सिंह को 11 और पंच राजेंद्र सिंह को मिले 5 वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम। कार्यकारी सरपंच चुने गए यशवीर सिंह और गांव के पंचों का स्वागत करते भैणीचंद्रपाल गांव के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

भैणी चंद्रपाल गांव के सरपंच शिवराज सिंह के निलंबन के बाद खाली पड़े सरपंच के पद को भरने की प्रक्रिया प्रशासन द्वारा शुरू की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत सोमवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में गांव के पंचों में से एक पंच को कार्यकारी सरपंच चुन लिया गया। चुनाव एसडीएम मुकुंद की देखरेख में करवाया गया। गांव के सभी 16 पंचों ने इस चुनाव में भाग लिया। कार्यकारी सरपंच के चुनाव के लिए गुप्त मतदान प्रक्रिया अपनाई गई। ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 5 के पंच यशवीर सिंह और वार्ड 11 से पंच राजेंद्र सिंह ने कार्यकारी सरपंच बनने के लिए अपनाई जाने वाली चुनाव प्रक्रिया में उम्मीदवार के लिए दावा किया। उसके बाद गुप्त मतदान के तहत यशवीर सिंह को 11 वोट, जबकि राजेंद्र सिंह को 5 वोट मिले। यशवीर सिंह को कार्यकारी सरपंच घोषित किया गया। एसडीएम मुकुंद ने कार्यकारी सरपंच व पंचों को संबोधित किया। इस दौरान उनको पंचायत की कार्यप्रणाली के बारे में बताया और गांव में रूचि लेकर अधिक से अधिक विकास कार्य करवाने के लिए प्रेरित किया। कार्यकारी सरपंच यशवीर को लेने के लिए गांव के सैकड़ों लोग खंड कार्यालय पहुंचे। यहां पर उनका ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

### शांतिपूर्ण रहा चुनाव

पंच राजवीर सिंह ग्रेवाल ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और पंचों में किसी तरह का कोई मन मुटाव नहीं है। गांव के विकास के लिए सभी पंच एकजुट होकर कार्य करेंगे। सभी पंचों का मकसद गांव का विकास करवाना है। गांव को कार्यकारी सरपंच मिलने से थमे हुए विकास कार्यों को गति मिलेगी। कार्यकारी सरपंच के चुनाव में हारने वाले उम्मीदवार राजेंद्र सिंह ने भी विजेता रहे यशवीर सिंह को बधाई दी और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चुना गया कार्यकारी सरपंच गांव की भलाई के लिए कार्य करेगा।

## अधिकारी समाधान शिविर की शिकायतों का करें निपटाराः एसडीएम

# समाधान शिविरों की जा रही वर्चुअली निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपमंडलाधीश आशीष कुमार।

समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करते हुए सोमवार को उपमंडलाधीश आशीष कुमार ने संबंधित विभागों को मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उचित निपटारे के निर्देश दिए। उपमंडलाधीश आशीष कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करने के दौरान मौके पर संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों का यथासंभव उचित निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार हर सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। इस अवसर पर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता गगन पांडे, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिन्द्र सिंह, एलडीएम महाबीर प्रसाद, जिला कल्याण अधिकारी रेणु सिसोदिया, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, स्वास्थ्य विभाग के जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी एवं भाजपा के प्रतिनिधियों में एडवोकेट अंकुश व उदयभान मलिक मौजूद रहे।

### निपटाई जा रही शिकायतों की हो रही समीक्षा

आशीष कुमार ने कहा कि नागरिकों की हर शिकायत के निदान के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नियमित रूप से समाधान शिविरों की वर्चुअली निगरानी की जा रही है तथा हर सप्ताह शुक्रवार को समाधान शिविरों में निपटाई जा रही शिकायतों की समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी लंबी शिकायतों का भी यथाशीघ्र निपटारा करें।

## लायंस क्लब के चेयरपर्सन ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। पौधारोपण करते मुख्य अतिथि नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपिंदर सिंह व अन्य लायंस क्लब पदाधिकारी।

लायंस क्लब के रीजन 5 के रीजन चेयरपर्सन लायन अनिल छाबड़ा की तरफ से वृक्षारोपण का प्रोजेक्ट ओमेक्स सिटी सेक्टर 26 में किया गया। जहां लगभग 50 पौधे लगाए गए जिनमें जीन, बेलपत्र, अमरूद,आंवला, आम स्मृति के पेड़ लगाए गए। इस कार्यक्रम में देहरादून नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपिंदर सिंह, दिल्ली से आए जिला गवर्नर विशाल वडेरा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि पर्यावरण के लिए पेड़ कितने महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में वीडीजी 2 लायन महेश बंसल, पीडीजी लायन राजिंदर बंसल, पीडीसी लायन विजयबीर सिंह, जोन चेयर पर्सन लायन अनिल अरोड़ा, रोहतक क्लब टाउन अध्यक्ष लायन मदन गुलाटी, सचिव हितेश रल्हन, कोषाध्यक्ष जोगिंदर शर्मा, उमेश गंभीर, राज कुमार किनरा, वीके आर्य, भारत भूषण, सुमेर सिंह डीडीजी लायन एपी भूटानी, लायन लेडी मनीषा छाबड़ा मौजूद रहे।

### तीन घंटे आवागमन रहा ठप, बारिश में गड्ढों से बढ़ा खतरा, कई हो चुके हैं हादसे

# सड़क की बदहाली से परेशान लोगों का फूटा गुस्सा, सुंदरपुर रोड पर 4 घंटे लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की सड़कों की खस्ता हालत से परेशान जनता का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। सुंदरपुर रोड पर गहरे गड्ढों और सड़क की मरम्मत न होने से तंग आकर स्थानीय लोगों ने सुबह-सुबह रोड पर जाम लगा दिया। जाम के कारण सड़क पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना था कि जींद बाईपास से सुंदरपुर की ओर जाने वाली सड़क कई महीनों से टूट चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिनमें बरसात के मौसम में पानी भर जाता है। पानी भरने के कारण गड्ढे नजर नहीं आते और दोपहिया वाहन चालकों के गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं। लोगों के अनुसार यहां एक-दो बार नहीं बल्कि कई बार गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन नगर निगम और संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं।

स्थानीय निवासी सुरेश कुमार ने बताया, हमने कई बार निगम और पीडब्ल्यूडी को शिकायत दी, लेकिन न कोई अधिकारी आया, न कोई समाधान हुआ। अब तो हालात इतने खराब हो चुके हैं कि सड़क पार करना भी मुश्किल हो गया है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे लोगों ने रोड पर बैठकर जाम लगा दिया, जिससे सैंकड़ों वाहन सड़कों पर फंसे रह गए। ऑफिस जाने वाले कर्मचारी, स्कूल जा रहे बच्चे और व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों से बातचीत शुरू की।





रोहतक। अपनी समस्या के लिए जींद बाईपास के नजदीक रोड जाम करते स्थानीय निवासी। फोटो : हरिभूमि

#### नगर निगम के एसडीओ मौके पर पहुंचे

जाम लगाने वाले लोगों के बीच मार्केट कमेटी के एसडीओ निखिल कुमार और नगर निगम के एसडीओ सुनील कुमार पहुंचे। लोगों ने अपनी समस्या उनके सामने रखी और समस्या का समाधान करने की मांग की। एसडीओ निखिल कुमार ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में सुंदरपुर रोड का काम शुरू हो जाएगा।



रोहतक। जाम को खुलवाने के लिए मौके पर पुलिस बल। फोटो : हरिभूमि

#### जल्द समाधान का दिया आश्वासन

गुस्साए लोगों ने पुलिस के सामने साफ कहा कि जब तक सड़क की मरम्मत को लेकर ठोस आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक वे जाम नहीं हटाएंगे। लोगों ने बताया कि सुंदरपुर रोड काफी समय से टूटा हुआ है, जिसमें काफी गड्ढे बने हुए है। बरसात के दौरान गड्ढों में पानी भर हो जाता है, जिसके कारण लोगों को परेशानी होती है। गड्ढों के कारण कई बार सड़क हादसे भी हो चुके है, लेकिन प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने संबंधित विभाग से बात कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

#### पुलिस के समझाने पर नहीं माने लोग

*दोपहर करीब 12 बजे सुंदरपुर रोड को जाम करने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक पुलिस और लोगों के बीच बातचीत होती रही। लेकिन लोगों ने जाम खोलने से इनकार कर दिया। साथ ही डीसी से मिलने की जिद पर अड़े रहे।*

#### जाम के कारण लोग हुए परेशान

*लोगों द्वारा सुंदरपुर रोड जींद बाईपास पर जाम लगाने के कारण करीब 4 घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। दोपहर 12 बजे के करीब लोग धरने पर बैठे थे, जो शाम 4 बजे तक जाम लगाकर बैठे रहे। इस दौरान रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। घंटों इंतजार करने के बाद शाम को लोगों को*

#### प्रशासन और निगम पर सवाल

*इस घटनाक्रम ने एक बार फिर नगर निगम और सड़कों की देखरेख के लिए जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद न तो अधिकारी मौके पर आए, न ही कोई कार्रवाई की गई।*

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादी पिलासन युवा शक्ति संगठन ग्राम वखेता में एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण, शपथ ग्रहण एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण युवाओं, स्कूली बच्चों और समाजसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और पौधा रोपण के माध्यम से हरियाली को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम में दादी पिलासन युवा शक्ति संगठन की अहम भूमिका रही, जिसके नेतृत्व में युवाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भागीदारी कर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमन कुमार बखेता, भोला, रितिक, दीपक, अमन, सूरत, कुनाल, योगेश, शुभम, राहुल और रोहित सहित कई युवा साथी उपस्थित रहे।

## नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होगी पटवार एसोसिएशन



**रोहतक।** पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य प्रधान जयबीर सिंह चहल ने कहा कि उनका संगठन 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल रहेगा। हड़ताल को सफल बनाने के लिए सोमवार को एसोसिएशन की मीटिंग हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि केंद्र और राज्य सरकार की समाज और कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध करने के लिए हड़ताल को सफल बनाना आवश्यक है। चहल ने कहा कि दोनों ही सरकार समाज को विभाजित करने में जुटी हुई हैं। इसी प्रकार इन सरकारों को कर्मचारी हितों से भी कोई लेनादेना नहीं है। पिछले ग्यारह साल में सरकारों ने एक भी कर्मचारी हित में फैसला नहीं लिया। एक के बाद एक कर्मचारी को नुकसान करने वाले निर्णय सरकार ले रही है। जबकि दोनों सरकारें अपने झूठे प्रचार पर प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपये फूंक देती है।

## वैश्य एजुकेशन सोसायटी के त्रैवार्षिक चुनावों के लिए नामांकन पत्रों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वैश्य एजुकेशन सोसायटी की 105 कालिजियम के लिए होने वाले त्रैवार्षिक चुनावों के लिए सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की गई। जांच पड़ताल के दौरान जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज द्वारा नियुक्त को रिटर्निंग अधिकारी अजीत प्रसाद जैन भी उपस्थित रहे। जांच पड़ताल के लिए बनाई गई व्यवस्था एवं पारदर्शिता पर संतोष जाहिर किया और प्रंशशा की। इस दौरान कुल 340 सदस्यों ने नामाकंन दाखिल किया है, जिसमें से 337 सही पाए गए जबकि 2 सदस्यों का नामांकन जिला रजिस्ट्रार के आदेश पर होल्ड पर रखा गया। वहीं, एक नामाकंन नवनीत गोयल जिन्होंने कालिजियम नं. 7 से अपना नामाकंन दाखिल किया था उसे रद्द किया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ सदस्यों ने कई-कई जगह से फार्म भर रखे है, जैसे कि पूर्व प्रधान नवीन जैन ने 5, सुमित गोयल ने 4, विनोद कुमार मित्तल ने 4, आशीष मित्तल ने 3, प्रवीण जिन्दल ने 3, डा. चन्द्र गर्ग ने 2, दीपक गोयल सुपुत्र श्री जीवन राम गोयल ने 2, दीपक गोयल कथूरावाले ने 2, दीपक जिन्दल ने 2, राधेश्याम गर्ग ने 2, राजेश कुमार गुप्ता ने 2, ईश्वर चन्द गुप्ता सहित 14 आजीवन सदस्यों ने भी 2-2 नामाकनं अलग अलग कालिजियम से भर रखे है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 9 व 10 जुलाई को नामाकंन वापिसी लिये जाएंगे।

निर्वाचन अधिकारी एवं महासचिव राजेन्द्र बंसल ने कहा कि हम निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे है। उन्होंने जांच पड़ताल कार्य में लगे सभी सहयोगी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया जोकि मेहनत के साथ चुनाव प्रक्रिया को समन्न करवाने में पूरा योगदान दे रहे है।



रोहतक। नामांकन की जांच करवाते निर्वाचन अधिकारी एवं महासचिव राजेन्द्र बंसल।

## बाढ़ राहत के लिए लग्न के साथ लें प्रशिक्षण: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि प्रशिक्षण आपदाओं के दौरान आत्मविश्वास और शांत रहने में मदद करता है, जिससे वे प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया कर सकें। डीसी सोमवार को तिलियार झील पर आयोजित राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आपदा प्रतिक्रिया टीमों को प्रभावी ढंग से काम करने और संसाधनों का बेहतर उपयोग करने में प्रशिक्षण मदद करता है। उन्होंने और प्रशिक्षणार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस प्रशिक्षण को औपचारिक न मानकर मेहनत, लग्न व निष्ठा के साथ ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से आपदाओं का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान किया जा सकता है।

जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में 12 मास्टर ट्रेनर है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण में नाव चलाना, घरों में उपलब्ध सामान से नाव बनाकर उसका प्रयोग करना, व्यक्ति को पानी से बाहर निकलना आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान एनडीआरएफ के द्वारा प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इसमें लाइफ जैकेट व डाइविंग शूट आदि का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट डीएल जाखड़, इंस्पेक्टर त्रिलोक सिंह, इंस्पेक्टर मोहन, आपदा प्रबंधन विभाग के परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमार व एलएफए. जितेंद्र व राकेश आदि मौजूद रहे।





रोहतक। तिलियार झील में नाव चलाने का प्रशिक्षण देखते व एनडीआरएफ के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

## गांव सांघी में लोगों ने करवाई हड्डियों की जांच

**रोहतक।** मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। इस कैंप के अंदर डॉक्टर अरमान के द्वारा मरीजों की जांच की गई। जिसके बाद जिन मरीजों को उपचार की जरूरत थी, उनका मौके पर ही उपचार किया गया। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। जिसका मकसद है कि गांव के जो भी बुजुर्ग लोग हैं उन्हें उपचार के लिए गांव से बाहर ना जाना पड़े। क्योंकि गांव के लोगों को शहर में आने जाने में काफी समय खराब हो जाता है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि रोहतक जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से इस कैंप का संचालन किया जाता है। क्योंकि उनका सपना है कि गांव के लोगों को बीमारी के वक्त शहर में जाकर महंगे अस्पतालों में इलाज ना करवाना पड़े। उन्होंने कहा कि कैंप के दौरान काफी सारे ऐसे मरीज आते हैं जो कि इससे पहले कई जगह दिखा चुके थे, साथ ही काफी पैसे भी खराब कर चुके थे। लेकिन जब वो यहां पर पहुंचे तो डॉक्टर अरमान ने उनकी जांच की और उन्हें सही उपचार बताया। जिसके बाद नाममात्र खर्च में ही उनका इलाज भी हो गया और अब वो स्वस्थ भी हैं।



रोहतक। शिविर में मरीज की जांच करते डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

## नीलम देवी को मिला मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय माध्यमिक विद्यालय जिला कारागार को मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण पुरस्कार खंड स्तर व जिला स्तर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत व खंड शिक्षा अधिकारी सुंदर लाल द्वारा विद्यालय प्रभारी नीलम देवी को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को पंचायतों ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को गत दिवस लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित कर हरियाणा का मान सम्मान बढ़ाने की खुशी में सोमवार को सर्व समाज, कई गांव के सरपंच और सामाजिक संगठनों ने डॉ. अग्रवाल को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल को पगड़ी पहनाकर, शाल व गुलदस्ता भेंट करके हरियाणा प्रदेश की तरफ से धन्यवाद व्यक्त किया गया।

सर्व समाज की तरफ से प्रधान ईश्वर ने कहा कि डॉ. अग्रवाल की मरीजों के लिए की गई कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस सम्मान के योग्य बनाया है। उन्होंने पूरे हरियाणा में अकेले यह अवार्ड प्राप्त करके प्रदेश का नाम रोशन किया है। मोहित धनवंतरी ने कहा कि डॉ. अग्रवाल ने अपने क्षेत्र में सर्वोच्च सफलता प्राप्त की है, जो युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है। सरपंच नवीन, कर्मवीर और श्री भगवान ने कहा कि डॉ. अग्रवाल ने कभी किसी चीज की कामना नहीं की और हमेशा निस्वार्थ भाव से गरीबों मरीजों की सेवा की है, जिसके लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित अवार्ड मिला है। डॉ. अग्रवाल ईमानदारी की एक मिसाल हैं, यह अवार्ड प्राप्त करके प्रदेश के साथ-साथ रोहतक का भी एक बार फिर से नाम रोशन कर दिया है। सीनियर चिकित्सकों को पीजीआईएमएस छोड़कर नहीं जाना चाहिए, क्योंकि यहां गरीब लोग इलाज करवाने आते हैं।



#### पीजीआईएमएस की नॉन टीचिंग एसोसिएशन ने भी दी बधाई

पीजीआईएमएस की नॉन टीचिंग एसोसिएशन के प्रधान वजीर सिंह ने भी कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के प्रधान अशोक कांगड़ा ने कहा कि उन्हें गर्व है कि संस्थान की कमान बहुत अच्छे हाथों में है। उन्होंने कहा कि डॉ. अग्रवाल हमारे संस्थान के सर्वोच्च पद पर हैं, ऐसे में यह अवार्ड उनके साथ-साथ हर चिकित्सक और कर्मचारी को भी मिला है।

#### कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने जताया आभार

कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने सभी संस्थाओं और सरपंचों का उन्हें सम्मानित करने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका हमेशा यही प्रयास रहेगा कि वें यहां मरीजों को सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाएं ताकि हर गरीब को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा मिल सके। इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ,चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, एडीए वरुण शर्मा भी उपस्थित रहे।

### हेल्थ यूनविर्सिटी के वीसी को 36 बिरादरी के लोगों ने सम्मानित किया बोले-कुछ लोगों ने अग्रवाल का अपमान किया, इसे सहन नहीं करेंगे

- पीजीआई के विकास के लिए वीसी को दिया समर्थन
- लोगों से की अपील बोले, विरोध नहीं, सहयोग करें
- कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल हाल ही में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए गए

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल हाल ही में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित हुए हैं। यह अवार्ड मिलने पर रोहतक और आसपास के गांवों के सरपंचों सहित सभी 36 बिरादरी के लोग पीजीआई पहुंचे और कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को शॉल-गुलदस्ता भेंट करके सम्मानित किया। साथ ही कार्यक्रम में सरपंचों और लोगों ने वीसी का साथ देने की बात कही। लोगों ने कहा-वीसी की छवि खराब करने की कोशिश की तो उसे सहन नहीं किया जाएगा। सर्वसमाज के लोगों ने एकजुट होकर पीजीआई के विकास के लिए वीसी को पूरा समर्थन देने का ऐलान भी किया। वीसी को सम्मानति करने आए लोगों ने पीजीआई में हड़ताल पर बैठे लोगों का हवाला देते हुए विरोध और व्यवस्था खराब करने की कोशिश की निंदा की। उन्होंने हड़ताल को लेकर लोगों से अपील की है कि वे किसी के बहकावे में न आकर पीजीआई के विकास के लिए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कुलपति ईमानदारी से काम कर रहे हैं और वे किसी भी प्रकार के लड़ाई-झगडे, रिश्वतखोरी से दूर हैं। फिर भी कुछ लोगों ने पीजीआई से बाहर आकर उनका मुखोटा पहनकर प्रदर्शन किया जो कि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे में अगर कुलपति कोई कड़ा कदम उठाते हैं तो सर्वसमाज उनके साथ है। इस मौके पर भीम प्रधान, बारह खाप, चुन्नीलाल प्रदेश उपाध्यक्ष सरपंच एसोसिएशन, निगम पार्षद प्रवीण कौशिक, भगवत दयाल सरपंच, नरेश सरपंच, मुकेश सरपंच, नीरज चेयरमैन, ईश्वर भारद्वाज, मोहित धन्वंतरी, श्रीभगवान नंबरदार, हृष कुमार, विजेंद्र हुड्डा, नीरज कौशिक, कर्मबीर कौशिक और सोमवीर प्रधान आदि मौजूद रहे।